प्रेषक – मुख्य शिक्षा अधिकारी
जनपद– उत्तरकाशी।

प्रेषितः 1 समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी
जनपद– उत्तकाशी।
2) समस्त उप शिक्षा अधिकारी
जनपद– उत्तकाशी।

पत्रांक/विविध/ 5929-42 /बी०एड० प्रशिक्षण/2021–22 दिनांक 03–09–2021।

विषयः– 2019–21 द्वित्तीय वर्ष हेतु School Internship के संबंध में।

उपर्युक्त विषयक श्रीमान निदेशक, पिट्स बी०एड० कॉलेज उत्तरकाशी के पत्रांक/23/एसएसपीएस/बी0एड0/School Internship/2019–21 दिनांक 03–09–2021 के क्रम में अवगत कराना है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्वविद्यालय परिसर/महाविद्यालय के बी०एड० द्वित्तीय वर्ष सत्र 2019–21 के प्रशिक्षणार्थियों की आगामी 12 से 18 सप्ताहों (अवकाश के दिनों को छोड़कर) उच्च प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में स्थानाबद्ध प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) सम्पन्न किया जाना प्रस्तावित है, उक्त के अनुपालन में निदेशक पिट्स बी०एड० कॉलेज उत्तरकाशी द्वारा कोविड–19 की एस०ओ०पी० के अधीन बी०एड० द्वित्तीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को जनपद उत्तरकाशी में अवस्थित उच्च प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में स्थानाबद्ध प्रशिक्षण सम्पन्न करने की अनुमति चाही गई है।

उक्त के क्रम में आपको अवगत काराया जाता है कि बी०एड० द्वित्तीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को अपने क्षेत्रान्तर्गत उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में स्थानाबद्ध प्रशिक्षण कोविड–19 के दृष्टिगत संक्रमण हेतु जारी दिशा निर्देशों / एस0 ओ0 पी0 का पूर्णतः पालन करते हुए अधीनस्थ विद्यालयों के संस्थाध्यक्षों को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देश जारी करें, उक्त के साथ ही यह भी विज्ञ है कि वर्तमान मे कोविड–19 के दृष्टिगत केवल कक्षा 6 से 12 तक के ही विद्यालय पठन–पाठन हेतु पुनः संचालित किए गये हैं।

अतः उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

3/9/2021

मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तरकाशी।

पृ0 सं0/विविध/ ——— /बी०एड० प्रशिक्षण/2021–22 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1) निदेशक/प्राचार्य पिट्स बी०एड० कॉलेज उत्तरकाशी को उनके पत्र के क्रम में सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2) समस्त प्रधानाचार्य /प्रधानाचार्या रा0 इ0 कॉ0/ रा0 उ0 मा0 वि0/ रा0 उ0 प्रा0 वि0 (बालक/बालिका) जनपद उत्तरकाशी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तरकाशी।